LNMUonline.com

R.B. Hindi (Set-II) (Gr. E to H & NC)

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

1. जयशंकर 'प्रसाद' अथवा धर्मवीर भारती का कवि परिचय दें। 20
अथवा, 'शेर सिंह का शस्त्र-समर्पण' अथवा 'वे और तुम' शीर्षक कविता का भाव-सौंदर्य निरूपित करें।

2. निम्नलिखित में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या करें : 15
(क) जो घनीभूत पीड़ा थी
मस्तक में स्मृति-सी छाई
दुर्दिन में आँसू बनकर
वह आज बरसने आई।
(ख) श्रेय होगा धर्म का आलोक वह निर्बन्ध,
मनुज जोड़ेगा मनुज से जब उचित संबंध।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें : 10
(क) पुस्तक (ख) स्याही (ग) यमुना (घ) हिमालय (ङ.) नदी (च) वृक्ष (छ) बेटी (ज) सूर्य

4. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के विलोम शब्द लिखें : 5
(क) आकर्षण (ख) अकाल (ग) इच्छा (घ) उतम (ङ) कठिन (च) कनिष्ठ (छ) गुरु (ज) गृहस्थ

5. निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण करें : 15
अनन्त रूपों में प्रकृति हमारे सामने आती है—कहीं मधुर, सुसज्जित या सुंदर रूप में, कहीं रूखे, बेडौल या कर्कश रूप में, कहीं भव्य, विशाल या विचित्र रूप में, और कहीं उग्र, कराल या भयंकर रूप में। सच्चे कवि का हृदय उसके उन सब रूपों में लीन होता है, क्योंकि उसके अनुराग का कारण अपना खास सुख भोग नहीं, बल्कि चिरसाहचर्य द्वारा प्रतिष्ठित वासना है। जो केवल प्रकृति के रमणीय और कोमल रूपों को ही चर्चा किया करते हैं, वे विषयी या भोग लिप्सु हैं।

6. निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी में अनुवाद करें : 15
(i) Station Manager (ii) Area Officer (iii) State Transport (iv) University Office (v) Bihar Public Service Commission (vi) Bihar Legislative Assembly (vii) Bihar Legislative Council (viii) Judiciary (ix) Executive (x) Legislative

7. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें : 20
(क) दिनकर किस काव्यधारा के कवि हैं?
(ख) जयशंकर 'प्रसाद' किस काव्यान्दोलन के कवि हैं?
(ग) 'आँसू' किसकी रचना है?
(घ) 'कहने लगा चाँद' के कवि कौन हैं?
(ङ) 'कहने लगा चाँद' किस पुस्तक से संकलित है? LNMUonline.com
(च) 'वसंत की आगवानी' किसकी रचना है?
(छ) 'कवि और कल्पना' के कवि कौन हैं?
(ज) नागार्जुन किस काव्यान्दोलन के प्रतिनिधि कवि हैं?
(झ) नागार्जुन ने हिन्दी के अतिरिक्त किस बिहारी भाषा में कविताएँ लिखी हैं?
(ञ) जयशंकर प्रसाद का जन्म कहाँ हुआ था?

LNMUonline.com